एक सम्पूर्ण दैनिक अख़बार

अमृत विचार

श्री विक्रम संवत 2083 | बरेली | शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026, वर्ष

PAGE NO, I, TOP

एसआरएमएस में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 दोपहर 1:30 बजे।

PAGE NO, IV, MIDDLE

आईके कलेक्शन को हराकर बजाज टेक्सटाइल सेमीफाइनल में

खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच से सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचारः श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में 12वें लीग मैच में तेजस्वी स्पोर्ट्स मेरठ ने जीका इलाहाबाद को 5 विकेट से हरा क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बजाज टेक्सटाइल अमरोहा ने आईके कलेक्शन बरेली को 33 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शोएब सिद्दीकी को एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने मैन आफ द मैच की ट्राफी प्रदान की।

श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के स्टेडियम में गुरुवार शाम 12वें मैच में तेजस्वी के कप्तान दमनदीप सिंह ने टॉस जीत कर जीका इलाहाबाद को बल्लेबाजी का न्योता दिया। जीका ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 154 रन बनाए। तेजस्वी स्पोर्ट्स ने लक्ष्य 13 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। गुरुवार को पहला क्वार्टर फाइनल मैच बजाज टेक्सटाइल अमरोहा और आईके कलेक्शन बरेली के बीच खेला गया। इसमें बजाज टेक्सटाइल ने 6 विकेट के नुकसान पर 219 रन बनाए। जवाब में आईके कलेक्शन की टीम 18 ओवर में 186 रन बना सकी। नतीजन बजाज टेक्सटाइल अमरोहा ने 33 रन से मैच जीत कर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया।